# कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0खं0–गौरीगंज, जनपद–अमेठी।

पत्रांक:स्थानान्तरण/समायोजन/498-502 /2025–26 दिनांक–04/07/25

## कार्यालय आदेश

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के कार्यालय पत्रांक:बेसिक/4332–39/2025–26 दिनांक–03.07.2025 एवं सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के पत्रांक संख्या बे0शि0प0/7697–7778/2025–26 दिनांक–01.07.2025 के द्वारा स्वेच्छा से अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण के फलस्वरूप अर्ह पाये गये शिक्षक एवं शिक्षिका को कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया है कि–**"शासनादेश दिनांक 23.05.2025 के प्रस्तर–7 में निहित प्राविधानानुसार–शिक्षक एवं शिक्षिका के स्वेच्छा से अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण समायोजन की प्रक्रिया में अधिक अध्यापक वाले विद्यालय से अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय में स्थानान्तरण एवं समायोजन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उ0प्र0 निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 के मान मानकों के अनुसार छात्र–शिक्षक अनुपात प्रभावित न हो, की सीमा तक अनुमन्य होगा, का भलीभाँति परीक्षण करते हुए कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही की जायेगी।"**

उपरोक्त पत्र के अनुसार स्वेच्छा से अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन प्रक्रिया के अन्तर्गत स्थानान्तरित शिक्षकों को कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराने की समस्त कार्यवाही निर्धारित प्रक्रियानुसार पूर्ण पारदर्शी रूप से सुनिश्चित की जायेगी। किसी भी स्तर पर अनियमितता/लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित प्र0अ0/खण्ड शिक्षा अधिकारी पूर्णतया उत्तरदायी होंगे।

**उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 25 के अन्तर्गत शिक्षक एवं छात्र का अनुपात (मान एवं मानक) निम्नवत निर्धारित है–**

| क्र0सं0 | प्रवेश किये गये छात्रों की संख्या | शिक्षकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 60 तक | 2 |
| 2 | 61–90 के मध्य | 3 |
| 3 | 91–120 के मध्य | 4 |
| 4 | 121–150के मध्य | 5 |
| 5 | 150 छात्रों के ऊपर | 5+1 प्र0अ0 |

कक्षा 6 से 8 तक के लिए कम से कम प्रति कक्षा एक शिक्षक इस प्रकार होगा कि निम्नलिखित प्रत्येक विषय के लिये कम से कम एक शिक्षक हो–

1. विज्ञान और गणित।
2. सामाजिक अध्ययन।
3. भाषा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी के पत्र दिनांक–03.07.2025 प्राप्त होने के पूर्व ही स्वेच्छा से अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण एवं समायोजन के फलस्वरूप दिनांक–1, 2 व 3 जुलाई 2025 को कार्यमुक्त किये गये/कार्यभार ग्रहण कराये गये अनर्ह शिक्षकों का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | नाम | पद | विद्यालय | विद्यालय में कार्यरत कुल शिक्षक | स्थानन्तरित विद्यालय | वि0खं0 | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अर्जीत कुमार यादव | स0अ0 | प्रा0वि0 छिटेपुर 1 | 2 | प्रा0वि0 उमापुर गनापट्टी | अमेठी | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 छिटेपुर प्रथम एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 2 | आलोक कुमार मिश्र | स0अ0 | प्रा0वि0 छिटेपुर 2 | 2 | प्रा0वि0 भरथी लोनियापुर | अमेठी | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 छिटेपुर द्वितीय एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 3 | अंकिता शुक्ला | स0अ0 | प्रा0वि0 पूरे गगाधर | 2 | प्रा0वि0 गौरीगंज 2 | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 पूरे गगाधर एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 4 | संध्या शुक्ला | स0अ0 | प्रा0वि0 कौढिहार | 2 | प्रा0वि0 सरायहृदयशाह | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 कौढिहार एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 5 | बालेन्द्र कुमार पाण्डेय | स0अ0 | प्रा0वि0 पूरे विश्राम | 2 | प्रा0वि0 सकरावां | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 पूरे विश्राम एकल अध्यापकीय हो गया है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | दिव्या श्रीवास्तव | स0अ0 | प्रा0वि0 सैठा | 2 | प्रा0वि0 ठेंगहा | संग्रामपुर | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 सैठा एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 7 | रीमा सिंह | स0अ0 | प्रा0वि0 लक्ष्मनपुर | 2 | प्रा0वि0 पूरबगांव 2 | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 लक्ष्मनपुर एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 8 | अलका मिश्रा | स0अ0 | प्रा0वि0 गेदनमवई | 2 | कम्पो0वि0 दरपीपुर | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 गेदनमवई एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 9 | साधना मिश्रा | स0अ0 | प्रा0वि0 पूरे फाजिल | 2 | प्रा0वि0 रामपुर कुडवा | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 पूरे फाजिल एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 10 | मनोज कुमार वर्मा | स0अ0 | प्रा0वि0 पूरे हजारी चौहान | 2 | प्रा0वि0 महमदपुर 2 | अमेठी | स्थानान्तरण के उपरान्त प्रा0वि0 पूरे हजारी चौहान एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 11 | एकता सिंह | स0अ0 (प्रा0स्तर) | कम्पो0वि0 बरायकपुर | 2 | कम्पो0वि0 रोहरीखुर्द | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त कम्पो0वि0 बरायकपुर में प्रा0 स्तर में एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 12 | सुनील कुमार | स0अ0 (प्रा0स्तर) | कम्पो0वि0 धारूपुर | 2 | प्रा0वि0 सम्पतपुर | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त कम्पो0वि0 धारूपुर में प्रा0 स्तर में एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 13 | तनू सिंह | स0अ0 (प्रा0स्तर) | कम्पो0 वि0 बेलखौर | 2 | प्रा0वि0 पूरबगांव 2 | गौरीगंज | स्थानान्तरण के उपरान्त कम्पो0वि0 बेलखौर में प्रा0 स्तर में एकल अध्यापकीय हो गया है। |
| 14 | ऊषा | स0अ0 | कम्पो0वि0 बेलखौर | 4 | उ0प्रा0वि0 गुवावां | गौरीगंज | स्थानान्तरित विद्यालय उ0प्रा0वि0 गुवावां में पूर्व से ही सामाजिक विषय के 2 शिक्षक कार्यरत है। श्रीमती ऊषा देवी भी सामाजिक विषय की शिक्षिका है। |
| 15 | दीप्तिमाला सिंह | प्र0अ0 | प्रा0वि0 असैदापुर | 2 | कम्पो0वि0 हरखपुर | गौरीगंज | स्थानान्तरित विद्यालय कम्पो0वि0 हरखपुर में पूर्व से ही भाषा के 2 शिक्षक कार्यरत है। श्रीमती दीप्तिमाला सिंह भी भाषा की शिक्षिका है। |
| 16 | ओमेन्द्र कुमार सिंह | प्र0अ0 | प्रा0वि0 गुदनपुर | 2 | कम्पो0वि0 अत्तानगर | गौरीगंज | स्थानान्तरित विद्यालय कम्पो0वि0 अत्तानगर में पूर्व से ही सामाजिक विषय के 1 शिक्षक कार्यरत है। श्री ओमेन्द्र सिंह सिंह भी सामाजिक विषय के शिक्षक है। |
| 17 | कुसुम शुक्ला | प्र0अ0 | प्रा0वि0 शहबाजपुर | 2 | कम्पो0वि0 हरखपुर | गौरीगंज | स्थानान्तरित विद्यालय कम्पो0वि0 हरखपुर में पूर्व से ही भाषा के 2 शिक्षक कार्यरत है। श्रीमती कुसुम शुक्ला भी भाषा की शिक्षिका है। |

अस्तु उपरोक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को आदेशित किया जाता है कि पुनः अपने मूल विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करते हुए सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-उक्तवत।

(अर्जुन सिंह)
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
गौरीगंज जनपद-अमेठी।

प्रतिलिपि -निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद अमेठी।
2. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद अमेठी को सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित विद्यालयों के प्र0अ0/इ0प्र0अ0 को अनुपालनार्थ।
4. उपरोक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को अनुपालनार्थ।

खण्ड शिक्षा अधिकारी,
गौरीगंज जनपद-अमेठी।

Scanned with OKEN Scanner